बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-635
27/12/2023

# जदयू के विधान पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बिहार के नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दिए जाने पर बधाई दी

पटना, 27 दिसम्बर 2023 :— जदयू के विधान पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने 1, अण्णे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर उन्हें नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दिए जाने पर बधाई दी। आए हुए विधान पार्षदों ने कहा कि जदयू एवं मुख्यमंत्री के प्रयास से ही नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दिया गया है। इस निर्णय से नियोजित शिक्षकों में काफी खुशी है। इसके लिए हम सभी मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हैं।

मुलाकात के दौरान विधान पार्षद प्रो0 (डॉ0) वीरेंद्र नारायण यादव सहित अन्य विधान पार्षदों ने मुख्यमंत्री को सारण, छपरा प्रमंडलीय जिला मुख्यालय में स्थित 600 क्षमतायुक्त प्रेक्षागृह—सह—आर्ट गैलरी का नामकरण लोक कवि भिखारी ठाकुर के नाम पर 'भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह—सह—आर्ट गैलरी' किए जाने पर धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल की वित्त रहित महाविद्यालय एवं विद्यालयों में कार्यरत कर्मियों के संबंध में भी चर्चा हुई।

इस अवसर पर विधान पार्षद प्रो0 (डॉ0) वीरेंद्र नारायण यादव, विधान पार्षद डॉ0 संजीव कुमार सिंह, विधान पार्षद प्रो0 संजय कुमार सिंह, पूर्व विधान पार्षद श्री संजीव श्याम सिंह, विधान पार्षद श्री रविंद्र प्रसाद सिंह, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह, विधान पार्षद श्रीमती रीना यादव, विधान पार्षद श्रीमती रेखा कुमारी, विधान पार्षद श्री ललन कुमार सर्राफ एवं जदयू नेता श्री चंदन सिंह उपस्थित थे।

******